कार्यालय जनपद न्यायाधीश, महोबा।

संख्या- दिनांक-

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या- 14/Admin'D' Section Dated 15.10.2022 के अनुक्रम में जनपद न्यायालय, महोबा में निम्न रिक्त पदों पर जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारुप (संलग्न) पर आवेदन पत्र दिनांक 10.01.2023 की सायं 05.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है-

क्रम संख्या	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या	सम्बन्धित पद से सेवानिवृत्त कार्मिकों के दिये जाने वाले मानदेय की धनराशि
1.	प्रधान सहायक	02	तदैव
2.	वरिष्ठ सहायक	13	तदैव
3.	कनिष्ठ सहायक	12	तदैव
4.	आशुलिपिक ग्रेड-III	07	तदैव
5.	आशुलिपिक ग्रेड-II	01	तदैव
6.	चतुर्थ श्रेणी	10	तदैव

नोटः-

1 – उक्त पदों पर चयनित कर्मचारीगण का कार्यकाल

(i) कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष या

(ii) उस पद पर सीधी भर्ती या पदोन्नति होने या

(iii) 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने या

(iv) जनपद न्यायाधीश द्वारा कार्य एवं व्यवहार सन्तोषजनक न पाये जाने पर,

जो भी पहले हो, तक के लिये होगा।

2 – यह पुनर्नियुक्ति साक्षात्कार एवं अंतिम पांच वर्ष की चारित्रिक प्रविष्टियों के आधार पर की जायेगी।

3 – आवेदक के विरुद्ध की आपराधिक मुकदमा पंजीकृत एवं लम्बित न हो तथा उसे किसी न्यायालय द्वारा किसी मामले में दोषसिद्ध न किया गया हो।

4 – पुनर्नियुक्त कर्मचारीगण की सेवा जनपद न्यायाधीश या पीठासीन अधिकारी/प्रभारी अधिकारी द्वारा कार्य, व्यवहार एवं आचरण अनुपयुक्त पाये जाने पर तत्काल रुप से समाप्त कर दी जायेगी।

5 – पुनर्नियुक्त कर्मचारीगण को अन्तिम आहरित मूल वेतन में से पेंशन की राशि (नकदीकरण के पूर्व) को घटाकर परिलब्धियों का भुगतान किया जायेगा।

6- उक्त आवेदन प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, महोबा में मूल रुप से स्वीकार्य होंगे।

7 – पुनर्नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की प्रकिया अपनायी जायेगी। अभ्यर्थी दिनांक 12.01.2023 को साक्षात्कार हेतु प्रातः 10.00 बजे जनपद न्यायालय परिसर स्थित प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होंगे। साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

प्रशासनिक अधिकारी, केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मध्य परिचारित एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें। सिस्टम असिस्टेंट/टी.एम.पी. को निर्देशित किया जाता है कि विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय, महोबा की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें एवं माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

जिला सूचना अधिकारी, महोबा को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ विज्ञप्ति की प्रति भेजी जावे।

सर्व संबंधित सूचित हों।

21/12/2022

जनपद न्यायाधीश,
महोबा।

जनपद न्यायाधीश
महोबा

आवेदन का प्रारुप

पासपोर्ट साइज का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा करें

....पद हेतु आवेदन पत्र

1 – आवेदक का नाम	:	
2 – पिता का नाम-	:	
3- जन्मतिथि-	:	
4- आवेदन के दिनांक को आयु	:	
5- अन्तिम धारित पद एवं वेतनमान	:	
6- सेवानिवृत्ति का दिनांक (पेंशन प्राधिकार-पत्र/पी.पी.ओ. की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करें)	:	
7- स्थायी पता	:	
8- पत्राचार का पता	:	
9- ई-मेल आई.डी.	:	
10- मोबाइल नम्बर	:	
11- अन्य जिला न्यायालयों से सेवानिवृत्त आवदेक की पूर्ववर्ती 05 वर्षों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि का विवरण (छायाप्रति संलग्न करें)	:	
12- क्या किसी न्यायालय द्वारा कोई प्रतिकूल टिप्पणी की गई है यदि हाँ, तो विवरण (नोटरी शपथ-पत्र संलग्न करें)	:	

दिनांक- (आवेदक के हस्ताक्षर)

घोषणा-पत्र

मैं, प्रमाणित करता हूँ कि वर्तमान में मैं पूर्ण रुप से स्वस्थ और दिये जाने वाले राजकीय कार्य को करने में सक्षम हूँ। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी शर्तों एवं प्रतिबंधों का अवलोकन कर लिया है, जो मुझे स्वीकार है। आवेदन में अंकित समस्त विवरण तथा संलग्नक सही एवं सत्य हैं तथा मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि कोई सूचना गलत या झूठी पाई जाती है, तो उसका पूर्ण दायित्व मेरा होगा और इस सम्बन्ध में मेरे विरुद्ध की गई कोई कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी।

दिनांक- (आवेदक के हस्ताक्षर)